<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ</u>

तिथि 15 जनवरी 2026 समय 18:10

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता लेख साझा किया ।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में कृषि विशेषज्ञों , प्रगतिशील किसानों एवं किसान उत्पादक संगठनों व ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों से वर्ष 2026-27 के बजट के लिए सुझाव लिए।
- मुख्यमंत्री ने कहा, कृषि क्षेत्र को बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हिसार में ताऊ देवीलाल टाउन पार्क के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया ।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा - "विकसित भारत जी -राम-जी योजना" ,विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी ।

*************************************************************
**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक लेख साझा किया है जिसमें बताया गया है कि भारत, राष्ट्रमंडल देशों के साथ अपनी सशक्त डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना साझा करने के लिए तैयार है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा लिखित यह लेख वसुधैव कुटुंबकम की भावना के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस लेख में कहा गया है कि भारत, राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है क्योंकि वह, प्रौद्योगिकी को अपनी निजी संपत्ति नहीं बल्कि सार्वजनिक हित का क्षेत्र मानता है। यह लेख राष्ट्रमंडल देशों में लोकतांत्रिक परिवर्तनशीलता को मजबूत करने के लिए

अपनी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना साझा करने की भारत की तत्परता को दर्शाता है।

*****************************************************************

**********

हरियाणा के समग्र कृषि विकास, किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों पर बजट-पूर्व परामर्श बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कृषि विशेषज्ञों, प्रगतिशील किसानों, किसान उत्पादक संगठनों, पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों से 2026-27 के बजट के लिए सुझाव लिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं और जरूरतों को केंद्र में रखकर प्रभावी नीतियां तैयार कर रही है और कृषि क्षेत्र को बजट में सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को जीवंत बनाए रखने में कृषि क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हरियाणा के आगामी बजट में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए विशेष ध्यान रखा जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि अन्नदाता किसान केवल अन्न उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता का संवाहक भी है।

मुख्यमंत्री ने पिछली बजट-पूर्व परामर्श बैठक का उल्लेख करते हुए कहा कि 9 जनवरी 2025 को आयोजित बैठक में किसानों और विशेषज्ञों ने 161 बहुमूल्य सुझाव दिए थे, जिनमें से 99 महत्वपूर्ण सुझावों को 2025-26 के बजट में शामिल किया गया। इन सुझावों के आधार पर सरकार ने कृषि क्षेत्र में कई ऐतिहासिक और व्यावहारिक निर्णय लिए।

*****************************************************************

**********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********************************************************
**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हिसार के पीएलए क्षेत्र में बने ताऊ देवी लाल टाउन पार्क के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने पार्क का भ्रमण कर जन सुविधाओं का जायजा भी लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि टाउन पार्क का विकास पंचतत्व थीम पर आधारित है, जो आधुनिक कला और नवाचार का बेहतरीन उदाहरण है। पार्क के विकास का उद्देश्य जनहित में एक आधुनिक, थीम आधारित और मनोरंजक स्थान उपलब्ध कराना है। पार्क में सांस्कृतिक व अन्य आयोजनों के लिए ओपन एयर थिएटर का निर्माण किया गया है। साथ ही आयुष, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में औषधीय पौधों का उद्यान भी स्थापित किया गया है। पार्क की प्रमुख विशेषताओं में, सूर्य नमस्कार प्रतिमा, अदृश्य प्रतिमा, जॉगिंग, वॉकिंग ट्रैक, म्यूज़िकल फाउंटेन और जल निकाय, बच्चों के लिए प्लेइंग कॉर्नर, वॉटर लेक, झील के दृश्य के साथ कांच का डेक, आउटडोर जिम, आगंतुकों के लिए पार्किंग तथा खाद्य स्टॉल शामिल हैं। 12 एकड़ क्षेत्रफल वाले पार्क के जीर्णोद्धार और नवीनीकरण परियोजना पर कुल 14 करोड़ 72 लाख खर्च किये गए हैं।

***********************************************************
**********

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा है कि विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) कानून,

2025 भ्रष्टाचार मुक्त ग्रामीण रोजगार की गारंटी प्रदान करने के साथ-साथ पूरी तरह से पारदर्शी है।

स्वास्थ्य मंत्री आज रेवाड़ी में पत्रकारों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांवों के विकास में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत-जी राम जी योजना शुरू की है, जो कि विकसित भारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी।
उन्होंने कहा की नई योजना से मनरेगा में व्याप्त भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलगी।

उन्होंने कहा कि  भ्रष्टाचार रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि केवल वास्तविक श्रमिकों को ही पारदर्शिता के साथ उनका हक मिले, वीबी जी- राम जी योजना में कई उपाय किए गए हैं। बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और उपस्थिति से फर्जी कर्मचारियों, डुप्लिकेट जॉब कार्ड और फर्जी भुगतानों को रोका जा सकेगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नए प्रावधानों के तहत, रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन करने से श्रमिकों की गारंटीशुदा मजदूरी को काफी बढ़ावा मिला है। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपए से अधिक की बढ़ोतरी होगी। वहीं हरियाणा में मजदूरी दर ज्यादा है,

इसलिए हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपए अधिक मिलेंगे। उन्होंने कहा कि नई योजना से न केवल काम के अधिक दिन सुनिश्चित होंगे, जिससे बेहतर वेतन मिलेगा, बल्कि अनिवार्य साप्ताहिक वेतन
भुगतान समय पर प्राप्त होगा।
**************************************************************
**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों से प्राकृतिक खेती से जुडने का आह्वान किया है क्योंकि रसायन आधारित खेती कई खेती स्वास्थ्य के लिए खतरा बन गई है।

जींद के एक किसान जय भगवान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। अपने बेटे की कैंसर से हुई मौत के बाद उन्होंने संकल्प लिया था कि वे अपने खेतों में कभी कीटनाशक का प्रयोग नहीं करेंगे उसके बाद उन्होने जहर-मुक्त खेती को अपनाया और अब पिछले 16 वर्षों से प्राकृतिक खेती कर लोगों को जहर मुक्त कृषि उत्पाद उपलब्ध करवा रहे है।

उन्होने न केवल खेती की लागत घटाई बल्कि अपनी आमदनी भी बढ़ाई है।

सतत और पर्यावरण अनुकूल खेती के लिए सरकार की ओर से निरंतर किया जा रहे प्रयासों की सराहना हो रही है।

जींद के एक किसान दलवीर ने बताया -

*************************************************************

**********